## गांवों के निवासियों को अब नहीं लगाना पड़ेगा 80 किलोमीटर का चक्कर

# विधायक संजय पाठक के प्रयास से विजयराघवगढ़ के 8 गांवों की तहसील का परिवर्तन

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक के प्रयास से विधानसभा के 8 गांवों का तहसील परिवर्तन हुआ है। दुरस्त गांवों के निवासियों को अब नहीं 80 किलोमीटर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा ये सभी बरही तहसील में जुड़ी पंचायतें होंगी। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुटेश्वर क्षेत्र से लगी आठ पंचायतों को विजयराघवगढ़ तहसील में रखा गया था पर भौगोलिक दृष्टि से इन पंचायतों के निवासियों को अपने कार्यों के लिए तहसील मुख्यालय जाने पर दूरी 40 से 50 किलोमीटर पड़ती थी इन सभी दिक्कतों को देखते हुए विधायक संजय पाठक ने विधानसभा के पिछले सत्र के दौरान ध्यानाकर्षण प्रश्न के माध्यम से इन ग्राम पंचायतों की तहसील परिवर्तन किए जाने का सवाल उठाया था एवं इन सभी पंचायतों को बरही तहसील में जोड़ें की मांग सदन में रखी थी जिसपर विभागीय मंत्री द्वारा सदन में कार्यवाही का आश्वासन दिया था । विभागीय कार्यवाही के बाद अब विजयराघवगढ़ तहसील की आठ पंचायतें लखनपुरा, इटमा, इटौरा,महानदी हरदुआ, कुटेश्वर तिमुआ, उबरा, गैरतलाई, जाजारोड़ा को बरही तहसील में जोड़े जाने के आदेश जारी हो चुके है । इसके अनुसार इन सभी आठों पंचायतों को मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 13 के अंतर्गत इन सभी ग्राम पंचायतों के नक्शा,नजरी नक्शा, रकवा एवं हलकों में परिवर्तन कर तहसील के खाता में शामिल करते हुए बरही तहसील में जोड़ने के निर्देश प्रमुख राजस्व आयुक्त मप्र भोपाल के पत्र एवं कार्यालय कलेक्टर भूअभिलेख पत्र क्रमांक 79/ भूअभिलेख /28/6/23 के माध्यम से जारी हो चुके है ।



### क्षेत्र वासियों ने जताया आभार

विधायक संजय पाठक द्वारा जनता की लगभग 80-90 किलोमीटर आने जाने की तकलीफों को समझते हुए पूर्व की विसंगति को दूर कराने हेतु विधानसभा में मुद्दे के उठाए जाने के बाद अब इन ग्रामों के तहसील मुख्यालय परिवर्तन होने पर तीरथ पटेल सरपंच,मोती लाल कोल जनपद सदस्य, गोलू गुप्ता, गुड्डा सेन, पुष्पराज सिंह, बबलू यादव,फूल चंद्र कोल सरपंच,तुलसी पाण्डे इटौरा, बब्बू साहू इटौरा, हेतराम चौबे कुटेश्वर, ब्रजेश द्विवेदी लखनपुरा आदि ने संपूर्ण क्षेत्र की जनता की तरफ से विधायक संजय पाठक का आभार व्यक्त किया है।

## कटनी गजब है.. गर्ल्स कालेज का प्राचार्य बनने कोई तैयार नही!

**कटनी, यशभारत।** अजबो गरीब खबर सामने आई है कन्या कालेज कटनी में प्राचार्य बनने में प्राध्यापक रुचि नहीं दिखा रहे हैं। वर्तमान प्राचार्य ने विधानसभा सत्र के पूर्व जब जनप्रतिनिधियों के सवाल लग रहे हैं उस वक्त अवकाश ले लिया। ऐसे में विभाग ने कालेज की वरिष्ठ प्राध्यापक को प्राचार्य की जिम्मेदारी दी लेकिन वे भी अवकाश पर चली गई। अब समस्या ये हैं कि कालेज में नया महीना शुरू हो चुका है, लेकिन अभी तक वेतन भुगतान समेत वित्त से जुड़े सारे कार्य अटक गए हैं। शिक्षक और कर्मचारी वेतन भुगतान नहीं होने की वजह से क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय तक कार्य कर रहे हैं।

### क्या है मामला

कटनी कन्या कालेज में वर्तमान प्राचार्य डी.आर के गुप्ता एक जुलाई से अर्जित अवकाश पर चले गए। कायदे से विधानसभा सत्र के पूर्व जब जानकारी विधानसभा स्तर पर मांगी जाती है ऐसे में संस्थान के मुखिया को बिना मुख्यालय की स्वीकृति के अवकाश नहीं लेना चाहिए। फिर भी क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक कार्यालय ने इसके विकल्प के रूप में डा.साधना जैन प्राध्यापक प्राणीशास्त्र विभाग शासकीय कन्या कालेज कटनी को प्रभारी प्राचार्य की जवाबदारी दी। उनके पास वित्त से जुड़े भी अधिकार दिए गए।

### डा.साधना जैन ने भी प्रभार नहीं लिया

अब स्थिति ये है कि कालेज में माह खत्म होने के बावजूद वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। इस तरह से प्राध्यापकों के विभागीय आदेश का पालन नहीं करने से अव्यवस्था पैदा हो गई है। इधर विभागीय अफसर भी लापरवाही के खिलाफ उच्च शिक्षा विभाग को शिकायत भेजकर कार्रवाई की बात कह रहे हैं।

## हादसे में जिंदा जल गया चालक



**कटनी, यशभारत।** कटनी में बीते दिन एक भीषण सड़क हादसा हो गया है, जिसमें एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई है। जिसने भी इस मामले को नजदीक से देखा वह हैरान रह गया, क्योंकि हादसा इतना भयानक था कि देखने वाले की रूह तक कांप जाए। कटनी जिले में मैहर से कटनी की ओर तेज रफ्तार से जा रहा एक ट्रक शुक्रवार अलसुबह करीब 4 बजे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक अन्य ट्रक से सीधे जा टकराया। दोनों ट्रकों की भिड़ंत के बाद ट्रक में आग लग गई और उसके अंदर बैठा चालक इस आग की चपेट में आ गया। जब तक आग पर काबू पाकर चालक को बाहर निकाला जा सकता था, तब तक वह पूरी तरह झुलस चुका था। गंभीर रूप से झुलसे चालक को जब जिला अस्पताल ले जाया गया तो वहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कुठला थाना प्रभारी अरविंद कुमार जैन ने बताया कि आज सुबह लगभग 3 से 4 बजे के बीच मैहर से कटनी की ओर जा रहा एक ट्रक तेज रफ्तार से हिंद ढाबे के समीप सडक़ किनारे खड़े एक अन्य ट्रक से जा टकराया। हादसे के बाद तत्काल ही ट्रक में आग लग गई। हादसे में ट्रक चालक दिलीप कुमार वर्मा उत्तर प्रदेश निवासी बुरी तरह झुलस गया।

## वार्डों में लाइव दिखाया जाएगा लाडली बहना कार्यक्रम

**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश की चर्चित लाडली बहना योजना के तहत महिलाओं के खाते में दूसरी क़िस्त 10 जुलाई को 1000 रुपये दोपहर लगभग 1 बजे पहुंच जाएगी। इस दौरान नगर निगम इसे वार्ड स्तर पर इवेंट के रूप में प्रस्तुत करेगा। शासन से जारी आदेश में ग्रामों तथा शहर में वार्डों में प्रमुखता से सार्वजनिक स्थान पर एलईडी के माध्यम से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के इंदौर में आयोजित कार्यक्रम को लाइव दिखायेगा। कटनी में भी 10 जुलाई को वार्ड स्तर पर आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर ने कहा है कि मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 अंतर्गत पंजीकृत अंतिम रुप से पात्र समस्त महिलाओं के आधार लिंक्ड डीबीटी इनेबल्ड बैंक खातों में द्वितीय किश्त ऑनलाईन वितरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम 10.07.2023, दिन सोमवार को दोपहर 1.00 बजे से इंदौर में आयोजित किया जाना निर्धारित किया गया है। उक्त कार्यक्रम का वेबकास्ट एवं दूरदर्शन पर किया जायेगा । उक्त आयोजित लाईव कार्यक्रम का प्रसारण दोपहर 1.00 बजे एवं वार्ड स्तर पर स्थानीय कार्यक्रम दोपहर 12.00 से 1.00बजे तक, नगरपालिक निगम, कटनी के सभी 45 वार्डो में, चिन्हित स्थानों पर एलईडी स्क्रीन / टी. व्ही. के माध्यम से, समुचित व्यवस्थायें कराकर, किया जाना है। दउपरोक्त आयोजन की संपूर्ण कार्य व्यवस्थाओं का प्रभारी अधिकारी पवन कुमार अहिरवार, उपायुक्त एवं जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक राजस्व अधिकारी, नगरपालिक निगम, कटनी को नियुक्त किया जाता है । मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ङ्क 2023 के कार्यो हेतु संलग्न सूची अनुसार मॉनीटरिंग अधिकारी के मार्गदर्शन में, सभी वार्डो के वार्ड प्रभारी (पूर्व से नियुक्त-वार्ड दरोगा / वसूलीकर्ता) एवं गठित दल, आंगनबाडी कार्यकर्ता के साथ आपस में समन्वय बनाकर दिनांक 10.07.2023, को कार्यक्रम हेतु निम्नानुसार कार्य व्यवस्था सुनिश्चित करेंगें । कार्यक्रम आयोजन हेतु नियुक्त मुख्य अतिथि तथा क्षेत्रीय वार्ड पार्षद को कार्यक्रम के आयोजन से अवगत कराना एवं उन्हे कार्यक्रम में सम्मानपूर्वक आमंत्रित करना । वार्ड स्तरीय कार्यक्रम में क्षेत्र की लाभार्थी लाडली बहनों एवं लाडली बहना सेना के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करावेंगें, इसके लिए पीले चावल / आमंत्रण देकर सम्मानपूर्वक आमंत्रित करेंगें। इसी तरह सभी जनप्रतिनिधियों, लाडली बहना सेवा के सदस्यों, जनसेवा मित्र, पेसा मोबिलाइजर, जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समितियों, सहयोगिनी मातृ समितियों, शौर्यादल के सदस्यों, स्वच्छता दूतो, महिला स्वसहायता समूहों, अंत्योदय समितियों, स्वयंसेवी संगठनों आदि को कार्यक्रम में आमंत्रित करेंगें। प्रत्येक वार्ड में गठित लाडली बहना सेना के प्रभारी सह प्रभारी एवं सदस्य उपस्थित रहें और मुख्यमंत्री जी द्वारा दिलवायी जा रही शपथ में सहभागी होवे। सभी वार्डो में कार्यक्रम स्थल पर सीधा प्रसारण हेतु एलईडी / टी. व्ही. एवं सैटअप की व्यवस्था आवश्यक समन्वय बनाकर की जाये तथा कार्यक्रम स्थल पर बैठक व्यवस्था, पेयजल, आवश्यकता अनुरूप टेंट शामियाना, माईक सिस्टम, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, रंगोली आदि आवश्यक व्यवस्थायें संबंधित अधिकारी से समन्वय बनाकर पूर्ण करावें ।





## शासकीय विद्यालय कुलुआ बरखेड़ा में नवीन बोर के लिए जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने दी व्यक्तिगत राशि

### विद्यार्थियों को दिया वादा किया पूरा, नवीन शिक्षण सत्र पर किया शाला का निरीक्षण



**कटनी,यशभारत।** शासकीय विद्यालय कुलुआ बरखेड़ा के विद्यार्थियों से एक समारोह दौरान किए अपने वादे को पूरा करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा द्वारा उनकी पेयजल की समस्या का समाधान करते हुए नवीन बोर के लिए अपनी ओर से व्यक्तिगत राशि प्रदान की। शनिवार को नवीन शिक्षण सत्र के प्रथम दिवस शासकीय शाला कुलूआ बरखेड़ा पहुंच कर उन्होंने नवीन बोर खनन का भूमि पूजन किया साथ ही शाला के विकास के लिए हर संभव मदद का विश्वास दिलाया। नवीन शिक्षण सत्र के शुभारंभ पर शाला पहुंचे जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने शाला भवनए लैब और लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने शाला के जर्जर भवन के जीर्णोद्धार कार्य का भी जायजा लिया। बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर अतिरिक्त कक्षों की आवश्यकता भी निरीक्षण दौरान सामने आई। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य देवकी बावरिया, नरेंद्र गुप्ता, कलावती गोहियाए प्रीति मिश्रा, भगवती गौरी, सौरभ खंपरिया, अर्चना मेश्राम, वर्षा दुबे, खगेंद्र राजकमल दहायत आदि की मौजूदगी रही। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विश्वकर्मा के साथ निरीक्षण में देवरी हटाई मंडल अध्यक्ष भाजपा नितिन पांडे, विस्तारक बलराम यादव, प्रशांत मालवीय, सुनील विश्वकर्मा, विपिन दुबे एवं अन्य मौजूद रहे।

### भगवान विजयनाथ जी के दिव्य दर्शन



*विजयनाथधाम बरही में विराजे भगवान शिव का स्वरूप हर दिन बदल रहा है। श्रावण मास में सांध्यकालीन महाआरती के दौरान यहां की छटा निराली रहती है।*




## वंदे भारत एक्सप्रेस को रीवा तक बढ़ाने और कटनी में स्टॉपेज की मांग

**कटनी,यशभारत।** सांसद वीडी शर्मा के प्रतिनिधि शशांक श्रीवास्तव एवं राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल के प्रतिनिधि मारूफ अहमद हनफी ने जबलपुर रेल मंडल की बैठक में यात्री सुविधाओं से संबंधित मुद्दे उठाये। जिन मांगों में चर्चा की गई उनमें भोपाल जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को रीवा तक बढ़ाया जाए और कटनी में इसका स्टॉपेज अनिवार्यतः हो। कटनी में रेल ब्रिज का निर्माण चल रहा है वहां सुगम यातायात तत्काल किया जाए। इसके अलावा कटनी मुड़वारा स्टेशन पर यात्री गाड़ियों में मंत्री, सांसद, विधायक और तमाम वीआईपी भोपाल दिल्ली की यात्रा करते हैं उन्हें वेटिंग हॉल नहीं उपलब्ध है। इस स्टेशन पर वीआईपी वेटिंग हॉल का निर्माण कराया जाए।

कटनी के तीनों स्टेशन कटनी, मुड़वारा और कटनी साउथ में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। इसे तत्काल ठीक किया जाना चाहिए जगह जगह पानी पड़ा हुआ है प्लेटफार्म के ऊपर गंदगी बिक्री होती है यह हम सबके लिए चिंताजनक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्वच्छ भारत अभियान में रेलवे की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है इस पर हमें कटनी के समस्त स्टेशनों की सफाई व्यवस्था की समीक्षा किया जाना चाहिए।



## खड़े टेंकर में घुसा ट्रक, चालक की मौत

**कटनी, यशभारत।** कटनी-मैहर मार्ग पर अमदरा थाना के गोगड़ी गांव के पास बुधवार की देर रात कटनी की ओर से जा रहा ट्रक खड़े टैंकर से जा टकराया था। दुर्घटना में ट्रक में सवार सहायक चालक को गंभीर चोट आई, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक की उपचार के दौरान गुरुवार सुबह मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के नारायणपुर गांव निवासी अरविंद यादव पिता वंश नारायण यादव (21 साल) ट्रक चालक के साथ कटनी ट्रांसपोर्ट से सामग्री लोड करने आया था। बुधवार की रात को पुट्टी पाउडर और अन्य सामग्री लोड करने के बाद अरविंद चालक के साथ ट्रक लेकर बिहार जा रहा था। रात एक बजे के लगभग जैसे ही उनका ट्रक अमदरा थाना के गोगड़ी गांव के पास पहुंचा, सामने सड़क किनारे खड़े एक टैंकर से उनकी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में अरविंद को गंभीर चोट आई। वहीं ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया और स्वजनों को सूचना दी। युवक की इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है और पीएम के लिए भेजा गया है। साथ ही मामले की जांच कर रही है।

## ताम्बरम से धनबाद के बीच कटनी होकर चलेगी अनारक्षित स्पेशल ट्रेन

### यात्री दबाव नियंत्रित करने रेलवे का निर्णय



**कटनी, यशभारत।** उत्तर भारत से महाराष्ट्र के बीच कटनी होकर चलने वाली ट्रेनों में बढ़ते यात्री दबाव को ध्यान में रखकर रेलवे ने ताम्बरम से लोकमान्य धनबाद के बीच कटनी होकर गाड़ी संख्या 06077/06078 ताम्बरम-धनबाद-ताम्बरम अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन ताम्बरम से धनबाद के बीच कटनी होकर 01-01 ट्रिप चलेगी। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 06077 ताम्बरम-धनबाद अनारक्षित स्पेशल ट्रेन आज 7 जुलाई शुक्रवार को ताम्बरम स्टेशन से 22: 00 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन रविवार को इटारसी 09:10 बजे, पिपरिया 10:13 बजे, गाडरवारा 10:48 बजे, नरसिंहपुर 11:18 बजे, जबलपुर 12:50 बजे, कटनी 14:15 बजे, मैहर 15:15 बजे, सतना 15:35 बजे होते हुए चौथे दिन सोमवार को 05:30 बजे धनबाद स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06078 धनबाद-ताम्बरम अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 11 जुलाई मंगलवार को धनबाद स्टेशन से 15:35 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सतना 03:05 बजे, मैहर 03:30 बजे, कटनी 04:30 बजे, जबलपुर 06:00 बजे, नरसिंहपुर 07:18 बजे, गाडरवारा 07:48 बजे, पिपरिया 08:18 बजे, इटारसी 10:00 बजे और तीसरे दिन गुरुवार को 22:00 बजे ताम्बरम स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 20 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआर सहित कुल 22 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में चेन्नई एग्मोर, सुल्लूरपेटा, नेल्लोर, ओंगोल, तेनाली जंक्शन, गुंटूर जंक्शन, मिरियालगुढ़ा, नालगोंडा, सिकंदराबाद, मेडचल, कामारेड्डी, निजामाबाद, बसर, मुदखेड़, हुजूर साहिब नांदेड़, पूर्णा जंक्शन, हिंगोली, वाशिम, अकोला जंक्शन, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, देहरी ऑनसोन, गया, कोडरमा एवं एनएससी बोस जंक्शन गोमोह स्टेशनों पर रुकेगी।

## जबलपुर से उधमपुर के बीच मुड़वारा होकर चलेगी स्पेशल ट्रेन

### अमरनाथ यात्रियों को सुविधा देने रेलवे का निर्णय

**कटनी, यशभारत।** अमरनाथ जाने वाले यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से रेलवे के द्वारा उधमपुर से जबलपुर के बीच कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 01449/01450 जबलपुर-उधमपुर-जबलपुर के मध्य 04-04 ट्रिप चलेगी। अमरनाथ स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 01449 जबलपुर-उधमपुर स्पेशल ट्रेन 10 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को जबलपुर स्टेशन से 16:45 बजे प्रस्थान कर सिहोरा रोड 17:13 बजे, कटनी मुड़वारा 18:10 बजे, दमोह 19:45 बजे, सागर 20:50 बजे, मालखेड़ी 22:28 बजे होते हुए मंगलवार को रात्रि 19:00 बजे उधमपुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01450 उधमपुर-जबलपुर स्पेशल ट्रेन 11 जुलाई से 01 अगस्त तक प्रत्येक मंगलवार को उधमपुर स्टेशन से रात्रि 23:55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन बुधवार को मालखेड़ी रात्रि 23:30 बजे, सागर 00:30 बजे, दमोह 01:30 बजेए, कटनी मुड़वारा 03:10 बजे, सिहोरा रोड 04:05 बजे होते हुए गुरुवार को भोर में 04:45 बजे जबलपुर स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 11 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआर सहित कुल 24 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सिहोरा रोड, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, मालखेड़ी, वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा, नई दिल्ली, पानीपत, अम्बाला कैंट, लुधियाना, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट एवं जम्मू तवी स्टेशनों पर रुकेगी।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 08 जुलाई 2023

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

# तबादलों पर प्रतिबंध हटते ही बड़ी प्रशासनिक सर्जरी

**कटनी, यशभारत।** तबादलों पर प्रतिबंध हटने के बाद कल शुक्रवार को बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की गई। आधा दर्जन से अधिक विभागों में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों को इधर से इधर पदस्थ किया गया है। इन विभागों में राजस्व विभाग, महिला बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु विभाग व अन्य विभाग शामिल है। अब पुलिस की सूची का इंतजार किया जा रहा है। विधानसभा चुनाव से पहले जिले में कलेक्टर अवि प्रसाद व विभागीय अधिकारियों द्वारा बड़ी सर्जरी की गई है। राजस्व निरीक्षकों के प्रभार बदले गए हैं तो वहीं पटवारी भी इधर से उधर किए गए हैं। कर्मचारियों के स्थानांतरण किए गए हैं। कुछ स्थानांतरण भोपाल मु यालय स्तर से हुए हैं तो कुछ स्थानीय प्रशासन के मुखियों द्वारा किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में धीरेंद्र सिंह समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी कार्यालय जनपद पंचायत बहोरीबंद को कार्यालय नगर निगम कटनी में पदस्थ किया है। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी पर्यवेक्षक शैली तिवारी विजयराघवगढ़ को परियोजना मुड़वारा, सुमन पटेल को विजयराघवगढ़ से परियोजना कटनी, रितु ठाकुर परियोजना मुड़वारा से परियोजना विजयराघगढ़ पदस्थ किया गया है। सहायक ग्रेड 2 राम प्रसाद पांडे को कटनी से परियोजना शहरी, रजनीश सोनी सहायक ग्रेड 2 को परियोजना कटनी शहरी से जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय, सहायक ग्रेड-3 नवनीत पाठक को रीठी से परियोजना शहरी, अनिकेत गोस्वामी सहायक ग्रेड 3 को परियोजना कटनी से परियोजना रीठी स्थानांतरित किया गया है।

### आधा दर्जन से अधिक विभागों की जारी हुई तबादला सूची, अब पुलिस की बारी

## राजस्व निरीक्षकों व पटवारियों के तबादले


कलेक्टर ने कई राजस्व निरीक्षक व पटवारियों को इधर से उधर किया गया है। राजस्व निरीक्षक बालकिशन ठाकुर को ढीमरखेड़ा से विजयराघवगढ़, कमल कुमार बर्मन विगढ़ से भू अभिलेख शाखा, गौरव विश्वकर्मा को बड़वारा से बरही, राजस्व निरीक्षक राजू कोल बरही से बड़वारा पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार पटवारी ज्योति अग्निहोत्री बड़वारा से कटनी, प्रमोद दीक्षित रीठी से ढीमरखेड़ा, उमेश कुशवाहा विजयराघवगढ़ से जुजावल पटवारी हल्का नंबर 9 स्लीमनाबाद, प्रतिभा मिश्रा बड़वारा से बरही, विवेक बहरे को रीठी से कटनी नगर, शिवम सोंधिया बड़वारा से कटनी, मोह मद नाजिर स्लीमनाबाद से कटनी, आदेश गुप्ता रीठी से बहोरीबंद, प्रदीप चौधरी स्लीमनाबाद से विजयराघढ़गढ़, सुजाता सिंह विजयराघवगढ़ से ढीमरखेड़ा, सतीश लिखितकर कटनी नगर से विजयराघढ़गढ़, जॉय चक्रवर्ती बहोरीबंद से विजयराघवगढ़, गजेंद्र राय कटनी से बरही, अनुज सिंह पोर्ते भू-अभिलेख से बरही, रमाकांत चतुर्वेदी बड़वारा से बरही, सुरेश सिंह गौंड़ बड़वारा से विगढ़, संतोष महोबिया बरही से ढीमरखेड़ा, रामबली विश्वकर्मा ढीमरखेड़ा से विगढ़, पवन कुमार पटेल बड़वारा से कटनी, महेंद्र कुमार बर्मन ढीमरखेड़ा से कटनी पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार पटवारी अभिकर्ण जलोन्हा विजयराघवगढ़ से कटनी, दीपक कुमार यादव विगढ़ से बड़वारा, राजेश्वर नौलसिया विगढ़ से बड़वारा, स्वयं प्रकाश मेहरा स्लीमनाबाद से विगढ़, गुलजारीलाल कोल विगढ़ से कटनी, प्रदीप लोधी रीठी से बहोरीबंद, दिनेश गुप्ता विजयराघवगढ़ से कटनी, राहुल कुमार गौतम विजयराघवगढ़ से स्लीमनाबाद पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार दीपमाला यादव तहसीलदार ऑफिस बरही लुरमी से करौंदी कला, सुमनलता सोनी करौंदी कला से लुरमी, अरुणेश कुमार आर्मो कारितलाई से गैरतलाई, प्रकाश गुप्ता कैलवाराकला से खिरहनी मानसी चौरसिया नेगई से बरौदा, नीरज झारिया ढीमरखेड़ा से दशरमन, श्रीमती क्षिप्रा त्रिपाठी पटवारा से मतवार पड़रिया एवं सुशीला कुलस्ते लालपुर से बरेली बार पदस्थापना की है।

### स्वास्थ्य विभाग में भी सर्जरी

स्वास्थ्य विभाग में भी थोक के भाव तबादले हुए हैं। सीएमएचओ ने बताया शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वर्षा बत्रा को सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ से जिला अस्पताल कटनी में पदस्थ किया गया है। राखी मौर्य बहोरीबंद से कन्हवारा, मंजुला वाल्टर बिलहरी से लखेरा, गुलफिशा खान बड़गावं से देवगांव, संतोष राव एमपीडब्ल्यू बिजोरी से कन्हवारा, रामजीवन चौधरी कौड़िया कन्हवारा से कन्हवारा, लैब टेक्नीशियन शिखा यादव जिला चिकित्सालय से शहरी परिवार कल्याण केंद्र प्रेमनगर, कविता सिंह गुड़ेहा से कारितलाई, पार्वती सोनी उप स्वास्थ्य केंद्र खलवारा से गुड़ेहा, मुरारी लाल केवट ड्रेसर सिंगोड़ी से ढीमरखेड़ा, प्रतीक्षा त्रिपाठी एएनएम उप स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान से ढीमरखेड़ा, शीला तोमर एएनएम ढीमरखेड़ा से गनियारी, इसी प्रकार एएनएम अनिता यादव सिलौड़ी से बहोरीबंद मोहतरा, श्रीमती नीतू यादव हरदुआ से भैंसवाही, संगीता शिवहरे भैंसवाही से डीघी, आराधना सिंह झिन्ना पिपरिया से पडुआ, रचना दुबे लखेरा से उमरियापान, पूजा पाल कैमोर से लखेरा, पुष्पलता बड़वारा से स्लीमनाबाद, पुष्पलता बर्मन बहोरीबंद से सिविल अस्पताल विगढ़, जितेंद्र सोनी डाटा एंट्री आपरेटर डीपीएम यूनिट से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा, सुशील कुमार चौधरी संविदा डाटा एंट्री आपरेटर उमरियापान से डीपीएम यूनिट कटनी पदस्थ किए गए हैं।

# 40 दिनों तक प्रज्जवलित रहेगी अखण्ड ज्योति

**कटनी, यशभारत।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री झूलेलाल चालिहा महोत्सव 11 जुलाई से 20 अगस्त तक पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के सानिध्य में श्री झूलेलाल चालिहा महोत्सव समिति द्वारा समस्त सिंधी समाज के सहयोग से स्थानिय गुरुनानक वार्ड स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में बड़े ही भक्तिभाव के साथ मनाया जावेगा। समाजसेवी संजय खूबचंदानी ने बताया कि इस 40 दिवसीय चालिहा महोत्सव का शुभारंभ 11 जुलाई को सुबह 10 बजे पुज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के पदाधिकारियो व नागरिको तथा श्रृद्धालुओ की उपस्थिति में पंडित दिनेश शर्मा व मंदिर के पुजारी पंडित जुगल किशोर पांडेय द्वारा पुज्य बहराणे साहिब की पूजा व भगवान श्री झूलेलाल जी कि अखण्ड ज्योति पृज्जवलित के साथ व्रतधारियों के संकल्प बंधन से 40 दिवसीय चालिहा महोत्सव के वृतो की शुरुआत होगी व संजय खूबचंदानी ने यह भी बताया कि दसवी शताब्दी में सिंध प्रांत में मिर्ख बादशाह के अत्याचारो से निजात पाने के लिये हिन्दू लोगों नेए 40 दिनों तक सिंधु नदी के तट पर जल देवता की स्तुति की थी तभी से भगवान झूलेलाल चालिहा महोत्सव मनाया जाता है इस अवसर पर श्री झूलेलाल मंदिर गुरुनानक वार्ड में रोज़ाना विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमे सुबह 8बजे व सायकाल 8 बजे गीत.संगीत, पल्लव, प्राथना, पूजा अर्चना व प्रसाद वितरण एवं हर रविवार को सुबह 8 बजे कटाईघाट के तट पर जल देवता की पूजा अर्चना, अखो पल्लव, आरती, अरदास, भजन कीर्तन व इत्यादि आयोजन होंगे। इस अवसर पर समिति द्वारा दीनबंधु भंडारा, कन्या भोज, शासकीय हॉस्पिटल व बाबा माधव शाह हॉस्पिटल में फल वितरण एवं गरीबों को राशन वितरण आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर झूलेलाल चालिहा समिति के तिलोक चंद भोजवानी, श्रीचंद भाटिया, हरीश बहलानी, अमर चेतवानी, नेवंद खूबचंदानी, महेश बहलानी, झूलेलाल सेवा समिति के अध्यक्ष नानकराम खूबचंदानी, सचिव सुनील हसीजा, सुरेश गांधी, अमृत सेवलानी, अशोक रोहरा, राजकुमार रवीयानी, मदन सेवलानी ने श्री झूलेलाल चालिहा महोत्सव के समस्त आयोजन में उपस्थिति प्रदान करने की अपील की हैं।



### उपवास रखकर भगवान श्री झूलेलाल की आराधना में लीन रहेगा सिंधी समाज

# डकैतीकांड के आरोपियों तक पहुंची पुलिस

**कटनी, यशभारत।** डकैती कांड के आरोपियों तक कोतवाली पुलिस पहुंच गई है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिर तार करते हुए इस सनसनीखेज डकैती एवं हत्याकांड का खुलासा करेगी। इस मामले के एक आरोपी के पकड़े जाने, मुखबिरों की सूचना और मोबाइल लोकेशन के आधार पर उत्तरप्रदेश के मऊ में पुलिस ने घेराबंदी की है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस जल्द ही आरोपियों को दबोच लेगी। आरोपियों की गिर तारी के लिए कई जिलों में प्रदेशों के लिए गई आधी से ज्यादा टीमें वापस आ गई हैं। पुलिस अफसरों का कहना है कि वारदात के खुलासे के नजदीक तक पहुंच चुके हैं। शीघ्र ही मामले का खुलासा किया जाएगा। जानकारी के अनुसार मनीष शर्मा के आसपास रहने वाले छह बदमाशों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। एक आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को ही दबोच लिया था, उसके बताए अनुसार अन्य डकैतों व हत्यारों की पहचान हुई थी। जिनकी गिर तारी के लिए 8 से अधिक पुलिस टीमें जुटी हुई हैं। सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस जल्द ही सभी आरोपियों को दबोचकर कटनी लाएगी।

### उत्तरप्रदेश में कटनी पुलिस की घेराबंदी, मामले का जल्द होगा खुलासा

### गुरुवार की दोपहर मडेरा तालाब में मिला था मृत तेंदुआ

# बीमारी से हुई थी उमरियापान के पास मिले मृत तेंदुआ की मौत

**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान से 3 किमी दूर मडेरा तालाब में मृत अवस्था में मिले 2 वर्षीय मादा तेंदुआ की मौत बीमारी से हुई थी। जबलपुर में किए गए पोस्टमार्टम की आई रिपोर्ट से मौत का खुलासा हुआ है। जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के करौंदी बीट के मडेरा तालाब में गुरुवार की दोपहर ढाई बजे मृत तेंदुआ पड़े होने की वन विभाग को सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही रेंजर अजय कुमार मिश्रा वन अमले के साथ मौके पर पहुंचकर घटना स्थल के एरिया को प्रतिबंधित किया था। शाम साढ़े 5 बजे जबलपुर से डॉग स्क्वायड की टीम घटना स्थल पर पहुंची। इस दौरान डॉग ने तेंदुआ के शव को सूंघने के बाद आस पास खेतों में बनी 4 झोपड़ियों में पहुंचते ही वन विभाग सहित मौके पर मौजूद सैकड़ों लोगों में तरह तरह की चर्चाओं के कयास लगाये जाने लगे थे की शिकारियों ने तेंदुआ को करंट लगाकर या किसी हथियार से घटना को अंजाम तक पहुंचाया है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने से पहले वन विभाग के अधिकारी खुलकर कुछ भी कहने बच रहे थे। क्योंकि तेंदुआ की शरीर में किसी तरह की चोट के निशान नजर नहीं आ रहे थे। वन विभाग सहित क्षेत्रवासियों को भी पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से तेंदुआ की मौत का खुलासा होने का इंतजार था। जबलपुर में कल दोपहर 12 बजे के करीब 3 डॉक्टरों की टीम द्वारा तेंदुआ का पोस्टमार्टम किया जिसमें सामने आया की तेंदुआ की मौत 24 घंटे के अंदर बीमारी तेज बुखार के कारण हुई है।



### इनका कहना

पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से पता चला है की तेंदुआ की मौत करंट या शिकारियों के द्वारा नहीं हुई है। तेंदुआ तेज बुखार में तालाब में पानी पीने आया था और बहुत अस्वस्थ्य था और वहीं पर गिरकर मौत हो गई है।

**– गौरव शर्मा,**
डीएफओ, कटनी

**किराए से देना है**

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।

संपर्क-8109417340

### सूचना

मैं सीता बाई अग्निहोत्री पति सुनेन्द्र अग्निहोत्री आयु 38 साल निवासी झिरिया तह. विजयराघवगढ़ जिला कटनी (म.प्र.) ह्यनि नलिखित शपथ करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूं, मेरा खाता भारतीय स्टेट बैंक में सीता मिश्रा के नाम से संचालित हैं। मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम सीता बाई अग्निहोत्री दर्ज हैं। यह दोनो नाम मेरे हैं एवं इन दोनों नाम की मैं एक मात्र महिला हूं। जिस संबंध मे यह सूचना प्रकाशित है।

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज




07 जुलाई से रोजाना 4 शो

01.00 PM (AUDI-2)
04.00 PM (AUDI-2)
07.00 PM (AUDI-2)
10.00 PM (AUDI-2)

सत्यप्रेम की कथा

कलाकार- कार्तिक आर्यन, कियारा आडवानी, राजपाल यादव आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

# राहुल पर हाईकोर्ट के निर्णय से आहत कांग्रेसजनों ने दिया धरना



**कटनी, यशभारत।** गुजरात हाईकोर्ट द्वारा राहुल गाँधी की सदस्यता के संबंध में दिए गए फैसले से आहत होकर जिला कांग्रेस कमेटी शहर के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने स्थानीय सुभाष चौक में पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा के समीप मौन धरना दिया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कांग्रेस जनों ने काले कपड़े पहनकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष विक्रम खम्परिया ने बताया कि बीजेपी शासन में लोकतंत्र की हत्या हो रही हैं, दुर्भाग्यपूर्ण है कि न्याय नहीं हुआ। ग्रामीण अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा कि राहुल गांधी पर गुजरात कोर्ट के निर्णय से देश सहमत नही है।

ऐसे केस में सदस्यता कैसे खत्म की जा सकती है। मौन धरना कार्यक्रम में मप्र कांग्रेस के महासचिव प्रियदर्शन गौड़, पूर्व महापौर विजेंद्र मिश्र राजा भैया, मप्र कांग्रेस शिक्षा एवं शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी, विजयराघवगढ़ विधानसभा की प्रत्याशी रहीं पद्मा शुक्ला, श्रेहा खंडेलवाल, झम्मटमल ठारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजा जगवानी, राजीव गांधी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष कमल पांडे, माधवनगर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष ईश्वर बहरानी, जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रजनी वर्मा, एनएसयूआई के अध्यक्ष शुभम् मिश्रा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला, रौनक खंडेलवाल, बीएम तिवारी, रजनी सोनी, गिरधारीलाल स्वर्णकार, मोहन बत्रा, मारूफ अहमद हनफी, गोविंद सचदेवा, शिवकुमार, जालिम यादव आदि अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।




# आखिर क्यों हैं 59 दिन का सावन

**जबलपुर यश भारत।** श्रावण मास प्रारंभ हो चुका है। अब 2 दिन बाद श्रावण का पहला सोमवार है। शिव की भक्ति के लिए श्रवण का विशेष महत्व है। लेकिन इस बार श्रावण में चार नहीं आठ सोमवार पढ़ने वाले हैं। श्रवण इस बार 30 की जगह 59 दिन का है। जिसके चलते बहुत से लोगों के मन में कौतूहल है कि ऐसा क्यों है। किन ज्योतिष गणना के आधार पर इस बार दो माह का श्रावण माह आया हुआ है? जिसको लेकर यश भारत संचालक आशीष शुक्ला द्वारा अपने जीवन ज्योतिष कार्यक्रम में ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास से चर्चा की गई। जिसमें उन्होंने इस विशेष कारण को बताया और शिव को प्रसन्न करने के लिए कुछ अति महत्वपूर्ण मंत्र बताएं। जिसे आप यश भारत न्यूज़ चैनल और यश भारत के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले जीवन ज्योतिष कार्यक्रम में देख सकते हैं। जहां पंडित लोकेश व्यास ने चर्चा के दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदु बताएं जो ज्योतिष की दृष्टि से तो महत्वपूर्ण है ही साथ ही साथ भगवान शिव की आराधना कर उन्हें प्रसन्न करने के लिए भी लाभदायक सिद्ध होंगे।



यू-ट्यूब की खबरें देखने के लिए स्कैन करें क्यआर कोड

## 4 नहीं 8 सोमवार का होगा श्रावण मास



### ऐसे करें बाबा को प्रसन्न

चर्चा के दौरान कार्यक्रम संचालक आशीष शुक्ला द्वारा भोलेनाथ की स्तुति के विषय में चर्चा की गई। जिसके विषय में पंडित लोकेश व्यास द्वारा 3 महत्वपूर्ण मंत्र बताए गए। जिनकी स्तुति करने से देवों के देव महादेव प्रसन्न हो जाते हैं। जिसमें सपरिवार पूजन अर्चन के लिए भी विधि बताई गई और तंत्र की अधिष्ठात्री देवी महादेव की अर्धांगिनी को प्रसन्न करने के लिए भी मंत्र पंडित लोकेश व्यास द्वारा बताए गए। जिसे आप समाचार के साथ प्रकाशित क्यूआर कोड को स्कैन करके विस्तार से वीडियो में देख सकते हैं और उसका फायदा ले सकते।

यश भारत जीवन ज्योतिष

वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

### शिव की शरण में अहंकार का त्याग

चर्चा के दौरान बताया गया कि यदि शिव की शरण में जाना है तो अहंकार को त्याग कर जाना होगा। जिसके लिए उन्होंने चंद्रमा का उदाहरण दिया। जो अपनी संपूर्ण कलाओं के साथ शिव की शरण में पहुंचा था। लेकिन शिव ने उन्हें स्थान देने से मना कर दिया। उसके बाद चंद्रमा ने किस तरह शिव की शरण प्राप्त की इसकी जानकारी जीवन ज्योति कार्यक्रम में विस्तार से दी गई है। जिस के माध्यम से बताया गया है कि कैसे अहंकार का त्याग करने से भोलेनाथ की शरण मिलती है। जिसे आप वीडियो में जाकर विस्तार से देख सकते हैं साथ ही साथ अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी श्रावण सोमवार के संबंध में प्राप्त होंगी।


### यह है कारण

चर्चा की शुरुआत में कार्यक्रम संचालक आशीष शुक्ला द्वारा दो माह के श्रावण माह के विषय में सवाल पूछा गया। जिसके जवाब में पंडित लोकेश व्यास द्वारा बताया गया कि सनातनी पंचांग चंद्र मास और सौर मास के आधार पर वर्ष की गणना होती है। जिसमें चंद्र मास 354 दिन का और सौर मास 365 दिन 6 घंटे का होता है। ऐसे में हर साल 11 दिन का अंतर आता है और तीन साल के बाद यह अंतर 33 दिन का हो जाता है। जिससे हर तीन साल में एक अतिरिक्त माह तैयार हो जाता है। जिससे अधिमास, मलमास या फिर पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। इस बार यह पुरुषोत्तम मास ज्योतिष गणना के आधार पर श्रावण मास के साथ आ रहा है जिसके चलते इस बार श्रावण दो माह का रहेगा और इसमें चार की बजाए आठ सोमवार होंगे। जिसमें भोलेनाथ की भक्ति की जा सकती है और उन्हें विधि विधान से पूजन अर्चन कर के प्रश्न किया जा सकता है। चर्चा के दौरान बताया गया जी कार्तिक मास में पूजन अर्चन करने से जो पुण्य लाभ होता है उससे हजार गुना अधिक पुण्य लाभ पुरुषोत्तम मास में पूजन अर्चन का है। ऐसे में पुरुषोत्तम मास का श्रावण मास के साथ आना बहुत ही लाभकारी है।

# दूसरे दिन भी चलती रही कोयला व्यापारी के ठिकानों पर जांच

**कटनी, यशभारत।** शहर के कोयला कारोबारी के ठिकानों पर स्टेट जीएसटी की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। दूसरे दिन शुक्रवार को भी जीएसटी टीम की जांच पूरी नहीं हो सकी। टीम के अधिकारी कोयला कारोबारी बृजेश मिश्रा की फर्म आयुष कोल कॉरपोरेशन के समदड़िया कालोनी के समीप स्थित कार्यालय में जांच में जुट हुए है। बताया गया है कि टीम ने कारोबारी से वर्ष 2017-18 से अब तक किए गए कारोबार के दस्तावेज मांगे हैं। टीम बीते 5 वर्षों के सभी ट्रांजेक्शन, खरीदी व बिक्री का लेखा-जोखा खंगाल रही है। टीम में शामिल अफसरों का कहना है कि शनिवार को जांच पूरी हो सकती है, जिसके बाद ही कर अपवंचन का खुलासा हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को 12 सदस्यीय टीम ने कारोबारी के माधवनगर के द तर और श्री कृष्णधाम कॉलोनी कटायेघाट स्थित आवास पर एक साथ दबिश दी थी।

**सिटी मॉल बरही रोड में**




ऑल इंडिया रिलीज

07 जुलाई से रोजाना 3 शो

02.00 PM (AUDI-1)
06.15 PM (AUDI-1)
08.15 PM (AUDI-1)

INSIDIOUS THE RED DOOR (HINDI- 2D)

नोट – 6 जुलाई दिन गुरूवार को 6 शो चलेंगे 12.30, 2.30, 4.30, 6.30, 8.30 एवं रात्रि 10.30 बजे से

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**




ऑल इंडिया रिलीज

07 जुलाई से रोजाना 3 शो

11.45 AM (AUDI-1)
04.00 PM (AUDI-1)
10.15 PM (AUDI-1)

1920 HORRORS OF THE HEART (HINDI- 2D)

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

# नगर गौरव दिवस पर एक से बढ़कर एक हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

## संपत्ति कर समय पर जमा करने वाले प्रथम तीन नागरिकों को मिले टीवी फ्रिज एवं वाशिंग मशीन



**कटनी,यशभारत।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा गत शाम 5 बजे से बस स्टैंड ऑडिटोरियम में नगर गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल महापौर प्रीति संजीव सूरी जिला कलेक्टर अवि प्रसाद निगम अध्यक्ष मनीष पाठक निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे उपायुक्त पवन अहिरवार सहित निगम के पार्षदों अधिकारी कर्मचारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया तदोपरांत उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा कटनी नगर के इतिहास के संबंध में अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। गौरतलब है कि कार्यक्रम के दौरान एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। नगर निगम कटनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम नगर गौरव दिवस एक नवीन नवाचार देखने को मिला इस नवाचार के तहत 15 जनवरी 2023 तक बकाया संपत्ति कर जमा करने वाले प्रथम तीन करदाताओं को कलर टीवी, फ्रिज एवं वाशिंग मशीन के साथ ही 25 अन्य करदाताओं को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर नगरवासियों को समय से संपत्ति कर जमा करने हेतु प्रेरित किया गया।

### 88 हजार रुपए के पुरस्कारों का वितरण

राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने जानकारी देते हुए बताया की आयोजित कार्यक्रम के दौरान लगभग 25000 रुपए का प्रथम पुरस्कार कलर टीवी श्रीमति मंजुला अग्रवाल पति सुरेंद्र अग्रवाल को दिया गया। इसके साथ ही 20000 रुपए की राशि का द्वितीय पुरस्कार फ्रिज सब्जी विक्रेता राजकुमार पिता हनुमान दास बर्मन को तथा लगभग 15000 रुपए का तृतीय पुरस्कार वाशिंग मशीन श्रीमति उर्मिला पति भगवान दास कुशवाहा को प्रदाय किया गया। इसके अतिरिक्त 25 अन्य करदाताओं को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इस तरह कुल राशि 88000 के पुरस्कार वितरित किए गए। निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे ने जानकारी देते हुए बताया की इस तरह का नवाचार कर करदाताओं को समय पर बकाया कर जमा करने हेतु प्रेरित करने के मामले में नगर निगम कटनी शायद प्रदेश का पहला नगर निगम बन गया है। कार्यक्रम का सफल संचालन राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सत्य नारायण अग्रहरी मेयर इन काउंसिल सदस्य बीना संजू बैनर्जी सुभाष सिब्बू साहू अवकाश जयसवाल जिला योजना समिति सदस्य शशिकांत तिवारी सीमा श्रीवास्तव प्रभा गुप्ता ओमी अहिरवार सहित अन्य पार्षदों गणमान्य नागरिक की उपस्थिति रही।



## स्वास्थ्य केन्द्र पड़रिया में निर्माणाधीन भवन को शीघ्र पूर्ण करानें के निर्देश

# स्वास्थ्य सेवाओं का कलेक्टर ने लिया जायजा

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने को ब्लाक कन्हवारा के उप स्वास्थ्य केन्द्र पड़रिया के ग्राम आरोग्य केन्द्र सरसवाही का निरीक्षण किया। ग्राम आरोग्य केन्द्र में पदस्थ एएनएम श्रीमति समीना निशा एवं आशा कार्यकर्त्ता श्रीमती गायत्री सेन द्वारा ग्राम आरोग्य केन्द्र में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि सन्तोषजनक पाई गई, जिसका सत्यापन कलेक्टर द्वारा टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं एवं प्रसूता हितग्राहियों से जानकारी प्राप्त कर किया गया। साथ ही ग्राम आरोग्य केन्द्र में संधारित किये गये रिकार्ड एवं हितग्राहियों के एन.सी.पी. कार्ड का निरीक्षण किया गया। टीकाकरण एवं प्रसूता हितग्राहियों को प्रदान की जाने वाले वित्तीय लाभ जे. एस. वाई राशि 14 सौ रूपये प्राप्त होना बताया गया। प्रसव हेतु 108 वाहन ग्राम तक पहुंचने की जानकारी आशा कार्यकर्त्ता द्वारा दी गई। निर्धारित चेक लिस्ट के आधार ग्राम आरोग्य केन्द्र में निरीक्षण के दौरान दवाइयों, उपकरण, फर्नीचर एवं सभी व्यवस्थाएँ उपलब्ध पाई गई। कलेक्टर द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र पड़रिया में निर्माणाधीन भवन को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये निरीक्षण के दौरान डाक्टर श्रीमती शोभा चौधरी (जिला स्वास्थ्य अधिकारी), कन्हवारा बी. एमओ डॉ राज सिंह, जिला मीडिया प्रभारी श्रीमती अनीता उसराठे एवं श्रीमती विद्या पाण्डेय (सी.डी.पी.ओ महिला बाल विकास) के साथ ब्लाक स्तरीय टीम उपस्थित रही।

# 5 जिलों के मरीजों को मिल रहा स्वास्थ्य लाभ

**कटनी,यशभारत।** जिला चिकित्सालय कटनी में बाल चिकित्सा संबंधी व्यवस्थाओं में आए सुधार और बदलाव का लाभ कटनी जिले के साथ साथ पन्ना, उमरिया, दमोह जिले सहित मैहर क्षेत्र की जनता को भी मिल रहा है। पिछले 6 माह में कटनी जिला चिकित्सालय से मेडिकल कॉलेज जबलपुर रिफर होने वाले बच्चों की संख्या जहां नगण्य हो चुकी है, तो वहीं बड़ी संख्या में कटनी जिले के निजी अस्पतालों सहित अन्य जिले के अस्पतालों से बच्चे कटनी जिला चिकित्सालय के बाल चिकित्सा वार्ड में दाखिल होकर उपचार प्राप्त कर रहे हैं और स्वस्थ होकर अपने घर लौट रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में बाल चिकित्सा के लिए बच्चा वार्ड सहित पीआईसीयू, एसएनसीयू और एनआरसी वार्ड संचालित हो रहे हैं। जिनमें जन्म से लेकर विभिन्न आयु वर्गों के बच्चों का उपचार किया जा रहा है। विगत 6 माह के दौरान जिला प्रशासन के विशेष प्रयास से इन वार्डों में गंभीर बीमारी के उपचार के लिए कई अत्याधुनिक सुविधाओं का इजाफा किया गया है। जिनमें एचएफएनसी, सी पेप,



डीफेब्रिलेटर मशीन जैसे उपयोगी उपकरण शामिल हैं। साथ ही आकस्मिक परिस्थिति के लिए 4 वेंटीलेटर भी उपलब्ध हैं। आधुनिक सुविधा युक्त सामान्य और आधुनिक उपकरणों, ऑक्सीजन सुविधा से युक्त इन वार्डों के साथ साथ यहां पर बच्चों के इलाज के लिए शासन स्तर पर चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। जिला चिकित्सालय में बाल चिकित्सा संबंधी वार्डों में 2 मेडिकल ऑफिसर सहित कुल 7 शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध हैं। जिनसे जिला चिकित्सालय में बाल चिकित्सा संबंधी व्यवस्था और उपचार पहले से काफी बेहतर हुआ है। इसके अलावा 35 नर्स और एक फीडर का स्टाफ भी इन 4 वार्डों में बच्चों के इलाज पर सतत नजर रखने और उपचार के लिए 24 घंटे तैनात रहता है। पीआईसीयू और बच्चा वार्ड में 8-8, एसएनसीयू वार्ड में 16 और एनआरसी वार्ड में 4 नर्सों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

### लगातार बढ़ रहे मरीज

प्रदेश शासन द्वारा उपलब्ध कराए रहे फंड और कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद के विशेष प्रयास से जिला चिकित्सालय में बाल चिकित्सा संबंधी सुविधाओं में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। सर्वसुविधा युक्त बच्चा वार्ड में 30 बिस्तर, पीआईसीयू में 10 और एसएनसीयू तथा एनआरसी वार्ड में 20-20 बिस्तर की उपलब्धता है। जिनमें से बच्चा वार्ड को जल्द ही निकट भविष्य में 50 बिस्तर का किए जाने के प्रयास जारी हैं। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से बाल चिकित्सा के क्षेत्र में हुए सुधार के बाद से जिला चिकित्सालय में मरीजों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। गत 5 माह के आंकड़ों पर नजर डालें तो अकेले पीडियाट्रिक वार्ड में जनवरी में 196, फरवरी में 208, मार्च में 240, अप्रैल में 225 और मई में 226 मरीज दाखिल हुए। जिनमें से जनवरी माह में 0, फरवरी में 6, मार्च में 5, अप्रैल में 3 और मई में 9 बाल मरीजों को मेडिकल कॉलेज जबलपुर रिफर किया गया। जबकि अन्य चिकित्सालयों से रेफर होकर जिला चिकित्सालय के पीआईसीयू वार्ड में जनवरी में 11, फरवरी में 18, मार्च में 22, अप्रैल में 19, मई में 10 और जून में 19 मरीज आए। पीडियाट्रिक वार्ड में बेड ऑक्युपेसी की दर भी इस वर्ष जनवरी से मई माह में क्रमशरू 45.9, 52.5, 53, 58.4 और 60.4 रही।

### जनता में बढ़ा विश्वास, सुविधाओं से संतुष्ट

पिछले 6 माह में जिला चिकित्सालय के बाल चिकित्सा संबंधी व्यवस्थाओं में आए उल्लेखनीय बदलाव से मरीजों और उनके परिजनों में जिला चिकित्सालय में सुविधाओं और इलाज को लेकर विश्वास बढ़ा है। मरीजों और परिजनों ने संतुष्टि के भाव प्रदर्शित किए हैं। ग्राम सगोनी रैपुरा जिला पन्ना से अति गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला चिकित्सालय लाए गए 9 माह के रूपलाल यादव का प्रकरण अपने आप में पीआईसीयू वार्ड की बेहतर व्यवस्था और जिला चिकित्सालय के प्रभावी इलाज को बयां करता है। 50 से भी कम ऑक्सीजन सेचुरेशन और लंग्स सहित अन्य कई अंगों में गंभीर संक्रमण के कारण इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती 9 माह के रूपलाल का 20 दिन तक पीआईसीयू वार्ड में गहन उपचार चला और चिकतिसकों और नर्सों के अथक प्रयास से उसे जीवनदान मिल सका। ऐसे और भी कई गंभीर मरीज यहां से उपचार प्राप्त कर स्वस्थ होकर चेहरे पर मुस्कान लिए घर लौट रहे हैं।

# शासकीय उचित मूल्य दुकान सरसवाही का औचक निरीक्षण


## उचित मूल्य दुकान में आए हितग्राहियों से की चर्चा- अधिकारियों को दिए निर्देश



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने को ग्राम पंचायत सरसवाही के भ्रमण के दौरान शासकीय उचित मूल्य की दुकान क्रमांक 4201055 सरसवाही का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एनआरएलएम के ब्लॉक कोआर्डिनेटर राजेश खरे द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदाय न किये जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने दुकान विक्रेता को निर्देशित किया कि सभी पात्र हितग्राहियों को नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि उचित मूल्य की दुकान में साफ-सफाई एवं स्वच्छता के साथ-साथ आदर्श खाद्यान्न वितरण व्यवस्था एवं उचित मूल्य की दूकान में जानकारी का फ्लैक्स, बैनर लगाने के साथ-साथ दुकान के बोर्ड में हितग्राहियों की संख्या की जानकारी भी अंकित कराएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उचित मूल्य की दुकान में राशन लेने आईं महिला हितग्राहियों से राशन आवंटन के संबंध में जानकारी लिये जाने पर बताया कि उन्हें समय-समय पर राशन मुहैया हो जाता है तथा राशन की दुकान समय से खुल जाती है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा महिलाओं से शासन की महत्वकांक्षी योजना लाड़ली बहना योजना के संबंध में चर्चा की जाकर ऐसी महिला हितग्राही जिनके खाते में आधार लिंक संबंधी समस्या थी उन महिला हितग्राहियों को योजना के तहत प्रतिमाह मिल रहे लाभ के खाते की जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.एन.सिंह, तहसीलदार ग्रामीण चन्द्रपाल इनवाती सहित खाद्य विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# 40 दिन उपवास रखकर भगवान झूलेलाल की आराधना में लीन रहेगा सिंधी समाज

## 40 दिनों तक प्रज्जवलित रहेगी अखण्ड ज्योति



**कटनी,यशभारत।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री झूलेलाल चालिहा महोत्सव दिनांक 11 जुलाई से 20 अगस्त तक पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के सानिध्य में श्री झूलेलाल चालिहा महोत्सव समिति द्वारा समस्त सिंधी समाज के सहयोग से स्थानीय गुरुनानक वार्ड स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में बड़े ही भक्तिभाव के साथ मनाया जावेगा। समाजसेवी संजय खूबचंदानी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस 40 दिवसीय चालीहा महोत्सव का भव्य शुभारंभ दिनांक 11 जुलाई को सुबह 10 बजे पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के पदाधिकारियो व गणमान्य नागरिको तथा श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पं. दिनेश शर्मा व मंदिर के पुजारी पं. जुगल किशोर पांडेय द्वारा पूज्य बहराणे साहिब की पूजा व भगवान श्री झूलेलाल जी कि अखण्ड ज्योति प्रज्जवलित के साथ व्रतधारियों के संकल्प बंधन से 40 दिवसीय चालिहा महोत्सव के व्रतो की शुरुआत होगी व संजय खूबचंदानी ने यह भी बताया कि दसवी शताब्दी में सिंध प्रांत में मिर्ख बादशाह के अत्याचारो से निजात पाने के लिये हिन्दू लोगों ने, 40 दिनों तक सिंधु नदी के तट पर जल देवता की स्तुति की थी तभी से भगवान झूलेलाल चालिहा महोत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर श्री झूलेलाल मंदिर गुरुनानक वार्ड में रोज़ाना विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमे सुबह 8 बजे व सायंकाल 8 बजे गीत-संगीत, पल्लव, प्रार्थना, पूजा-अर्चना व प्रसाद वितरण एवं हर रविवार को सुबह 8 बजे कटायेघाट के तट पर जल देवता की पूजा अर्चना, अखो पल्लव, आरती, अरदास, भजन कीर्तन व इत्यादि आयोजन होंगे, इस अवसर पर समिति द्वारा दीनबंधु भंडारा, कन्या भोज, शासकीय हॉस्पिटल व बाबा माधव शाह हॉस्पिटल मैं फल वितरण एवं ग़रीबो को राशन वितरण आदि आयोजित किए जाएँगे। इस अवसर पर झूलेलाल चालिहा समिति के सर्वश्री त्रिलोकचंद भोजवानी, श्रीचंद भाटिया, हरीश बहलानी, अमर चेतवानी, नेवंद खूबचंदानी, महेश बहलानी, झूलेलाल सेवा समिति के अध्यक्ष नानकराम खूबचंदानी, सचिव सुनील हसीजा, सुरेश गांधी, अमृत सेवलानी, अशोक रोहरा, राजकुमार रवीयानी, मदन सेवलानी आदि जनो ने इस भव्य 40 दिवसीय भगवान श्री झूलेलाल चालिहा महोत्सव के समस्त आयोजन में उपस्थिति प्रदान करने की अपील की हैं।



# सेवादल ने नियुक्त किये वार्ड अध्यक्ष

**कटनी,यशभारत।** जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम की अनुशंसा पर जिला उपाध्यक्ष मंगल सिंह द्वारा वार्ड क्रमांक 33 फॉरेस्टर वार्ड कटनी में दिनेश बंशकार को अध्यक्ष नियुक्त किया इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष पंकज गौतम ने वार्ड का भ्रमण कर समस्या सुनी और कमलनाथ के नेतृत्व में 2023 में कांग्रेस की सरकार बनाने का निवेदन कियाएनारी सम्मान योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देकर नियुक्ति पत्र प्रदान कियेए इस अवसर पर वार्ड के पूर्व पार्षद राजेश जाटव, सेवादल उपाध्यक्ष मंगल सिंह, पार्थ समाधिया, आशीष अंकित चतुर्वेदी, उदय पटेल, उदय सिंह, मोनू यादव, मलय राव, अमित श्रीवास्तव सहित सैकड़ों वार्डवासी ने उपस्थित होकर बधाई दी।

# विद्यालोक फाउंडेशन ने भेंट की कंप्यूटर शिक्षा सहित विभिन्न विषयों की पुस्तकें



**कटनी,यशभारत।** जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी छात्रावासों में लाइब्रेरी विकसित करने के प्रयासों और कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद की नो बुके जस्ट ए बुक मुहिम को जनता का लगातार उल्लेखनीय प्रतिसाद मिल रहा है। बुद्धिजीवी वर्ग से लेकर युवा और विभिन्न संगठन आगे आकर छात्रावासों में स्थापित होने जा रही लाइब्रेरी के लिए बड़ी संख्या में ज्ञानवर्धक पुस्तकें और साहित्य कलेक्टर श्री प्रसाद को भेंट कर रहे हैं। इसी क्रम में आज बुधवार को विद्यालोक फाउंडेशन के अर्जित खरे और आदेश मिश्रा ने कलेक्टर श्री प्रसाद से मुलाकात की और उन्हें कंप्यूटर शिक्षा से आधारित पुस्तकों सहित बच्चों के सुलभ साहित्य, अंग्रेजी ज्ञान, चित्रकला, भाषा ज्ञान और विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकें भेंट की। कलेक्टर श्री प्रसाद ने उनके इस पुनीत कार्य की सराहना की।

# लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के निर्देश

**कटनी,यशभारत।** जिला पेंशन अधिकारी नें आदेश जारी कर जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को उनके कार्यालय में लंबित पेंशन प्रकरणों का प्रामिकता के साथ तीन दिवस के अंदर निराकरण हेतु प्रस्तुत करने का लेख किया गया है। उल्लेखनीय है कि संचालक पेंशन भविष्य निधि एवं बीमा भोपाल, कमिश्नर जबलपुर संभाग सहित कार्यालय कलेक्टर द्वारा कटनी जिले में 30 जून तक की स्थिति में लंबित 94 प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए है।

# गौरव दिवस पर जनप्रतिनिधियों ने किया वृक्षारोपण



**कटनी,यशभारत।** कटनी नगर पालिक निगम महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा नगर निगम के स्थापना दिवस को वृक्षारोपण कर गौरव दिवस के रूप में मनाया। इसी क्रम में महापौर प्रीति संजीव सूरी ने विधायक संदीप जायसवाल निगम अध्यक्ष मनीष पाठक आयुक्त सत्येंद्र सिंह ढाकरे सहित एमआईसी सदस्यों सम्मानीय पार्षदों एवं नगर निगम के अधिकारियों की उपस्थिति में माधव नगर स्थित जोन कार्यालय क्रमांक 4 में वृक्षारोपण कर शहर को हरा भरा रखने का संकल्प भी लिया। महापौर ने कहा कि वृक्ष मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण कड़ी हैं बिना वृक्षों के इस जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है उन्होंने कहा कि हम संकल्प लेते हैं। की हर समय पर्यावरण की रक्षा हेतु तत्पर एवं तैयार रहेंगे। विधायक संदीप जायसवाल ने वृक्षारोपण करते हुए कहा कि वृक्षारोपण से आने वाले समय में हमें पर्यावरण संतुलन करने में मदद मिलेगी। निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने वृक्षारोपण करते हुए कहा कि वृक्ष ही जीवन का अमूल्य हिस्सा है बिना वृक्षों के मनुष्य के जीवन अधूरा रहता है। निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे ने कहा कि बिना वृक्षों के जनजीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। इस दौरान एमआईसी सदस्य श्रीमती बीना बैनर्जी सुभाष साहू अवकाश जायसवाल उपायुक्त पीके अहिरवार पार्षद श्रीमती प्रभा गुप्ता श्रीमती सुमित्रा रावत सुरेंद्र गुप्ता राजेश भास्कर गोविंद चावला श्रीमती सीमा श्रीवास्तव श्याम पंजवानी पूर्व पार्षद राजू मखीजा संजय तिवारी निरंजन पंजवानी सहित नगर निगम के कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा सहायक यंत्री आदेश जैन अनिल जायसवाल अश्वनी पांडे पवन श्रीवास्तव सहायक राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW

Mittal MALL

Paytm

book my show

From 07th July 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 07 July to 13 July, 2023

| Audi-01 | Show | Rate |
|---|---|---|
| Neeyat | 11.00.00 AM | 100-100-100-250 |
| Neeyat | 1.30.00 PM | 130-160-190-350 |
| Neeyat | 4.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| Neeyat | 7.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| Neeyat | 10.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Audi-02 | Show | |
| Satyaprem Ki Katha | 1.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 4.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 7.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 10.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Audi-03 | Show | |
| 1920 Horrors of the heart | 12.30.00 PM | 120-150-150 |
| Zara Hatke Zara Bachke | 3.30.00 PM | 120-150-150 |
| 1920 Horrors of the heart | 6.30.00 PM | 120-150-150 |
| 1920 Horrors of the heart | 9.30.00 PM | 120-150-150 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

